R.No.:-1841
12/1/22

ई. मेल dforudraprayag@gmail.com
फोन/ फैक्स नं0 +91-8126660575
पता [illegible]

# कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक :- 797 / 13-1(5) दिनांक 06/01/2022

सेवा में

मुख्य परियोजना प्रबन्धक,
रेल विकास निगम लि0,
ऋषिकेश।

**विषय :-** जनपद–रुद्रप्रयाग के अन्तर्गत 126 कि0मी0 ऋषिकेश–कर्णप्रयाग नई ब्राड गेज रेल लाईन निर्माण हेतु अतिरिक्त 1.455 है0 वन भूमि का (to provide stability to Tunnel T 14) गैर वानिकी कार्यों हेतु रेल विकास निगम लि0 को प्रत्यावर्तन।
**PROPOSAL NO.- FP/UK/RAIL/148846/2021** (Ratura)

**सन्दर्भ :-** भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून की पत्र संख्या–8बी./यू.सी.पी./07/31/2022/एफ.सी./759 दिनांक 30.08.2022।

महोदय

उपरोक्त सन्दर्भित विषयक प्रकरण में भारत सरकार स्तर से सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। सैद्धान्तिक स्वीकृति में प्रदत्त अध्यारोपित शर्तों के अनुपालन में जमा की जाने वाली धनराशियों का डिमांड नोट निम्न प्रकार प्रेषित है–

(1) शर्त संख्या–3(क) एवं 04 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रत्यावर्तन भूमि के बदले 2.910 है0 लनगाड क0सं0–4अ आरक्षित वन भूमि पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं 10 वर्षो तक रखरखाव हेतु देय धनराशि प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखण्ड के पत्र संख्या–1459/3–5–2 दिनांक 01.07.2021 के अनुसार वसूली वर्ष 2022–23 हेतु देय दर 407992.00 के अनुसार रुपये 2.910 @ 4,07,992.00 = **11,87,257.00 (ग्यारह लाख, सत्तासी हजार, दो सौ सत्तावन)** मात्र की धनराशि जमा की जानी है।

(2) **शर्त संख्या–5(क)** के अनुपालन में ऑनलाईन भरे गये प्रपत्र–भाग–2 के अनुसार प्रशनगत क्षेत्र इको क्लास–V के अन्तर्गत घनत्व 0.40 प्रतिशत है, तद्नुसार भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र संख्या–5–3/2011–एफ0सी0 दिनांक 06.01.2022 में उल्लिखित दरों के अनुसार रुपये 1.455 ha. @ 12,92,850.00/ha. = **18,81,097.00 (अट्ठारह लाख, इक्यासी हजार, सत्तान्नबे)** मात्र की धनराशि जमा की जानी है।

अतः उक्त धनराशि जमा करने हेतु डिमांड नोट प्रेषित है। आंकलित की गई धनराशियों को उच्च स्तर से सत्यापित होने के पश्चात् धनराशि कैम्पा कोष में जमा करने के उपरान्त भारत सरकार के उक्त पत्र में उल्लिखित समस्त शर्तो की अनुपालन आख्या कॉलमवार/बिन्दुवार मय संलग्नक **ऑनलाईन/ऑफलाईन (01 मूल + 03 कलर प्रति)** चार प्रतियों में शीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(हस्ताक्षर)

उप वन संरक्षक
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

संख्या– 797 /दिनांकित।

प्रतिलिपि 1:– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, इन्दिरा नगर फारेस्ट कॉलोनी, देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि 2:– वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी को सूचनार्थ प्रेषित।

O/C

(हस्ताक्षर)

उप वन संरक्षक
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।